## मझगांव धान केंद्र बना कुरुक्षेत्र

# किसानों के हक पर सर्वेयर की नजर, नियम ताक पर रसूख की आड़ में चल रहा भ्रष्टाचार का खेल





शहडोल।

जिले के मझगांव धान खरीदी केंद्र में इन दिनों अन्नदाता की मेहनत को तौलने के बजाय कमीशन और कलह का तौल किया जा रहा है। मझगांव उपार्जन केंद्र से सामने आए शर्मनाक घटनाक्रम ने यह साफ कर दिया है कि यहां सरकारी नियम नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार का सिंडिकेट हावी है। केंद्र प्रभारी और सर्वेयर के बीच सरेराह हुआ जूतम-पैजार न केवल प्रशासन की नाकामी है, बल्कि उस संदिग्ध खेल की पोल भी खोलता है जो खराब धान के नाम पर पर्दे के पीछे खेला जा रहा है।

### सर्वेयर की संदिग्ध कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

मझगांव केंद्र पर सर्वेयर सूरज पटेल और शिवांश मिश्रा की भूमिका पहले ही संदेह के घेरे में रही है। सूत्रों की मानें तो सर्वेयर द्वारा खराब धान और सीधे खरीदी के जो आरोप लगाए जा रहे हैं, वे केवल केंद्र प्रभारी पर दबाव बनाने का एक पैंतरा मात्र हैं। गौरतलब है कि सर्वेयर सूरज पटेल पर पूर्व में भी किसानों से अवैध वसूली के गंभीर आरोप लग चुके हैं। क्या यह विवाद केवल नियमों के पालन का है, या फिर कमीशन के बंटवारे को लेकर उपजी खींचतान? वायरल वीडियो में जिस तरह की भाषा और व्यवहार का इस्तेमाल किया गया है, उसने यह स्पष्ट कर दिया है कि इन सरकारी नुमाइंदों को न तो शासन का डर है और न ही किसानों की फिक्र है।

### कागजों में आदर्श, जमीन पर लावारिस केंद्र

प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन ने खरीफ उपार्जन वर्ष 2025-26 के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं, लेकिन मझगांव सहित जिले के अधिकांश केंद्रों पर इन नियमों का खुलेआम मखौल उड़ाया जा रहा है। प्रशासन के आदेशानुसार केंद्रों पर केवल निर्धारित फेयर एवरेज क्वालिटी की धान ही ली जानी चाहिए, लेकिन सर्वेयर और बिचौलिए अपनी जेब भरने के लिए मानकों से समझौता कर रहे हैं। सभी कांटे सत्यापित होने चाहिए, लेकिन कई केंद्रों पर तौल की डकैती की शिकायतें मिल रही हैं। नियम के अनुसार किसानों के लिए पेयजल, छाया और बैठने की व्यवस्था अनिवार्य है, लेकिन किसान कड़ाके की ठंड और खुले आसमान के नीचे अपनी बारी का इंतजार करने को मजबूर हैं। उपार्जन का पूरा कार्य ऑनलाइन और ई-उपार्जन पोर्टल के माध्यम से ही होना चाहिए, जबकि कई केंद्रों पर चोर दरवाजे से ऑफलाइन एंट्री का खेल चल रहा है।

### जांच के नाम पर खानापूर्ति

शिकायत मिलने पर नान के डीएम ने प्रशांत जैन (कनिष्ठ सहायक) को जांच के लिए भेजा जरूर, लेकिन वहां जांच के बजाय रणसंग्राम शुरू हो गया। जब जांच अधिकारी के सामने ही केंद्र प्रभारी अशोक मिश्रा और सर्वेयर आपस में भिड़ गए, तो आम किसान के साथ ये लोग कैसा बर्ताव करते होंगे, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। आखिर प्रशासन कब तक ऐसे दागी सर्वेयरों को शह देता रहेगा जिन पर पहले से ही भ्रष्टाचार के आरोप हैं? आश्चर्य की बात यह है कि मझगवां केन्द्र में विवाद कनिष्ठ सहायक के सामने हुआ, लेकिन उन्होंने अपने अधिकारी को इस संबंध में किसी प्रकार की जानकारी ही नहीं दी।

### प्रशासन के लिए चेतावनी

मझगांव की यह आग अब पूरे जिले के केंद्रों तक फैल रही है। यदि समय रहते सर्वेयर सूरज पटेल जैसे संदिग्ध कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई और केंद्रों पर पारदर्शिता सुनिश्चित नहीं हुई, तो वह दिन दूर नहीं जब शहडोल का किसान सडक़ों पर उतरने को मजबूर होगा। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन इस वायरल कलह के बाद दोषियों को सलाखों के पीछे भेजता है या फिर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा।

### इनका कहना है...

सर्वेयर की शिकायत के बाद हमें डीएम ने जांच के लिए भेजा था।

**प्रशांत जैन**
कनिष्ठ सहायक, नॉन शहडोल

## खबर संक्षेप

### कलेक्ट्रेट की सुरक्षा चाक-चौबंद

**साल भर का नाइट ड्यूटी चार्ट जारी, 27 कर्मचारियों के कंधों पर होगी जिम्मेदारी**

**शहडोल।** संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर की सुरक्षा और शासकीय कार्यों के निर्बाध संचालन हेतु प्रशासन ने रात्रिकालीन प्रहरी व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ कर दिया है। डिप्टी कलेक्टर श्रीमती एंटोनियो एक्का ने वर्ष 2026 के लिए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की रात्रिकालीन ड्यूटी के आदेश जारी कर दिए हैं। जारी आदेश के अनुसार, जनवरी से दिसंबर 2026 तक की अवधि के लिए कुल 27 कर्मचारियों की सूची तैयार की गई है। इन कर्मचारियों को निर्धारित तिथियों और समय के अनुसार परिसर की निगरानी सुनिश्चित करनी होगी। ड्यूटी पर तैनात किए गए प्रमुख नामों में श्याम बैगा, ओमप्रकाश जायसवाल, राम प्रताप बैगा, लाल बैगा, रमेश यादव, राजू प्रजापति और संतोष कुमार सिंह सहित अन्य कर्मचारी शामिल हैं। प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी कर्मचारियों को आवंटित रोस्टर के अनुसार अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने को कहा गया है, ताकि कलेक्ट्रेट परिसर की सुरक्षा और महत्वपूर्ण दस्तावेजों की गोपनीयता रात के समय भी बरकरार रहे।

### सावधान! शहडोल में कड़ाके की ठंड का अलर्ट

**सीएमएचओ ने जारी की एडवाईजरी, लापरवाही पड़ सकती है भारी**

**शहडोल।** जिले में बढ़ती शीत लहर और गिरते तापमान को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने जिलेवासियों को कड़ाके की ठंड से बचने के लिए सख्त हिदायत जारी की है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि इस मौसम में थोड़ी सी भी लापरवाही फ्लू, निमोनिया और गंभीर श्वसन रोगों को दावत दे सकती है।

सीएमएचओ ने विशेष रूप से बुजुर्गों और नवजात शिशुओं की सुरक्षा पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि इन वर्गों में रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है, जिससे ठंड का सीधा हमला जानलेवा हो सकता है। डॉ. मिश्रा ने अपील की है कि लोग पर्याप्त गर्म कपड़े पहनें और शरीर के तापमान को स्थिर रखने के लिए लेयरिंग (अंदर सूती और बाहर ऊनी कपड़े) का पालन करें।

स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को चेतावनी दी है कि बीमारी के लक्षण दिखने पर झाड़-फूंक या घरेलू नुस्खों के चक्कर में समय बर्बाद न करें। किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुँचें।

सुरक्षा के प्रमुख मंत्र- कमरे में हीटर जलाते समय वेंटिलेशन (हवा निकासी) का ध्यान रखें, दम घुटने का खतरा हो सकता है। विटामिन-सी युक्त फल, सब्जियां और गर्म पेय पदार्थों का सेवन करें। जरूरी न हो तो सुबह-शाम घर से बाहर निकलने से बचें। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सतर्कता ही शीत लहर से बचने का एकमात्र प्रभावी रास्ता है।

## गांव में दहशत फैलाने वाली बाघिन का रेस्क्यू

# बांधवगढ़ से माधव टाइगर रिजर्व भेजी गई




उमरिया

मध्यप्रदेश के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र में गांवों के आसपास लगातार घूम रही बाघिन को वन विभाग ने सुरक्षित रूप से रेस्क्यू कर लिया है। बाघिन की गतिविधियों से ग्रामीणों में लंबे समय से दहशत का माहौल था। मवेशियों पर हमलों की बढ़ती घटनाओं के बाद प्रबंधन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए करीब पांच घंटे की मशक्कत के बाद लगभग पांच वर्षीय बाघिन को काबू में लिया। जानकारी के अनुसार, पनपथा बफर परिक्षेत्र अंतर्गत चिल्हारी स्थित गड़रिया हार क्षेत्र में बाघिन की लगातार मौजूदगी दर्ज की जा रही थी। खेतों और बस्तियों के नजदीक बाघिन के दिखने से ग्रामीण भयभीत थे और जनहानि की आशंका भी बनी हुई थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने विशेषज्ञ टीम, ट्रैंक्विलाइजेशन उपकरण और सुरक्षा बलों के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। तय प्रोटोकॉल के तहत बाघिन को बेहोश कर सुरक्षित पिंजरे में स्थानांतरित किया गया।
रेस्क्यू के बाद बाघिन को माधव टाइगर रिजर्व भेजने का निर्णय लिया गया, ताकि क्षेत्रीय संतुलन बना रहे और स्थानीय ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बाघिन का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है और वह पूरी तरह सुरक्षित है। आगे की देखरेख और निगरानी माधव टाइगर रिजर्व में की जाएगी। उधर, बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में इन दिनों बाघ गणना का कार्य चल रहा है। ऐसे समय में एक बाघिन को दूसरे रिजर्व भेजे जाने से बाघ प्रेमियों और वन्यजीव संरक्षण से जुड़े लोगों में कुछ निराशा भी देखने को मिली। उल्लेखनीय है कि 'टाइगर स्टेट' का दर्जा दिलाने में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की अहम भूमिका रही है। पिछली बाघ गणना में यहां 165 से अधिक बाघ दर्ज किए गए थे, जो इसकी जैव विविधता और संरक्षण प्रयासों की सफलता को दर्शाता है। हालांकि, रेस्क्यू के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। लोगों का कहना है कि अब गांवों के आसपास सामान्य गतिविधियां फिर से शुरू हो सकेंगी। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे जंगल की सीमा के पास सतर्क रहें, मवेशियों की सुरक्षा के उपाय अपनाएं और किसी भी वन्यजीव की मौजूदगी की सूचना तत्काल विभाग को दें।



## कम परीक्षा परिणाम वाले स्कूलों की समीक्षा, बोर्ड परीक्षा में सुधार के लिए कसी कमर

**शहडोल।** स्थानीय शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सोहागपुर (चांपा) में शुक्रवार 26 दिसंबर को एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। लोक शिक्षण संभाग शहडोल के संयुक्त संचालक उमेश कुमार धुर्वे की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक का मुख्य उद्देश्य हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों के त्रैमासिक एवं अर्धवार्षिक परीक्षा परिणामों का विश्लेषण करना था।



बैठक में मुख्य रूप से जिले के उन शासकीय विद्यालयों के परीक्षा परिणामों पर चिंता व्यक्त की गई जिनका स्कोर 50 प्रतिशत से कम रहा है। श्री धुर्वे ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि बोर्ड परीक्षाओं में सुधार के लिए अब समय कम है, इसलिए संबंधित प्राचार्य और शिक्षक अपनी रणनीतियों को और अधिक प्रभावी बनाएं। उन्होंने प्राचार्यों से उनके द्वारा अपनाई जा रही रणनीतियों और सुझावों पर भी चर्चा की।

संयुक्त संचालक ने कमजोर प्रदर्शन वाले विद्यार्थियों के लिए विद्यालयों में रेमेडियल (उपचारात्मक) कक्षाओं के नियमित संचालन पर जोर दिया। इसके साथ ही, आगामी बोर्ड परीक्षाओं के दृष्टिगत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा 2026 कार्यक्रम के लिए विद्यार्थियों और शिक्षकों के अधिक से अधिक पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में बोर्ड परीक्षा के नवीन अंक विभाजन (80 अंक लिखित और 20 अंक प्रोजेक्ट/प्रैक्टिकल) और प्रश्नों की प्रकृति (40 प्रतिशित वस्तुनिष्ठ प्रश्न) पर भी विस्तार से चर्चा हुई। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के ए.पी.सी. अरविन्द पाण्डेय सहित जिले के विभिन्न हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्य उपस्थित रहे।

## सडक़ चौड़ीकरण की बाधाएं होंगी दूर

# नगर पालिका ने शुरू की 150 प्रभावितों की सुनवाई

**शहडोल।** उच्च न्यायालय के सख्त निर्देशों के अनुपालन में शहडोल नगर पालिका ने शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने की दिशा में बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। इंदिरा चौक से बस स्टैंड तक मार्ग को सुगम बनाने के लिए प्रस्तावित 18 फुट चौड़ी सडक़ के निर्माण हेतु दावों और आपत्तियों की सुनवाई का दौर प्रारंभ हो गया है। नगर पालिका प्रशासन द्वारा चिन्हित किए गए 150 प्रभावितों को सूचना जारी कर अपना पक्ष रखने के लिए बुलाया गया था। सुनवाई के पहले दिन लगभग 15 लोगों ने उपस्थित होकर अपने दस्तावेज और आपत्तियां प्रस्तुत कीं। शेष लोगों को प्रशासन द्वारा अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि निर्धारित समय-सीमा के बाद किसी भी व्यक्ति का दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा और न ही अतिरिक्त समय दिया जाएगा।



### अतिक्रमण पर चलेगा कोर्ट का डंडा

विदित हो कि यह मार्ग लंबे समय से अतिक्रमण और संकरेपन की वजह से जाम की समस्या से जूझ रहा है। जबलपुर उच्च न्यायालय के आदेश के बाद अब नगर पालिका बिना किसी दबाव के सडक़ चौड़ीकरण की प्रक्रिया को पूरा करने में जुट गई है। प्रशासन की इस सख्ती से उन लोगों में हडक़ंप है जिन्होंने सडक़ की निर्धारित सीमा में अवैध निर्माण कर रखे हैं। सुनवाई की प्रक्रिया पूरी होते ही नगर पालिका द्वारा सडक़ निर्माण का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू किया जाएगा, जिससे इंदिरा चौक से बस स्टैंड की दूरी तय करना शहरवासियों के लिए सुलभ हो जाएगा।

# तिरुपति बालाजी के मुकुट ले उड़ा चोर

**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय की हृदयस्थली कहे जाने वाले रेलवे कॉलोनी स्थित भगवान श्री तिरुपति बालाजी मंदिर में शुक्रवार को आस्था को कलंकित करने वाली वारदात सामने आई है। एक शातिर बदमाश ने न केवल सुरक्षा व्यवस्था को धता बताया, बल्कि भक्त बनकर भगवान के ही गहनों पर हाथ साफ कर दिया। संध्या आरती के ठीक बाद हुई इस घटना से पूरे शहर में आक्रोश का माहौल है।



वारदात का सीसीटीवी फुटेज रोंगटे खड़े कर देने वाला है। बदमाश ने पूरी योजना के साथ मंदिर में प्रवेश किया। उसने जूते बाहर उतारे, भगवान को श्रद्धा से प्रणाम किया और प्रतिमा की परिक्रमा भी की। जैसे ही मौका मिला, उसने बड़ी सहजता से भगवान के तीन छोटे और तीन बड़े चांदी के मुकुट कीमत करीब 3 लाख रुपये समेटे और फरार हो गया। बिना किसी तोडफ़ोड़ के, शांत तरीके से अंजाम दी गई इस चोरी ने पुलिस की गश्त और मंदिर की सुरक्षा पर बड़े सवालिया निशान लगा दिए हैं। आस्था के केंद्र में इस तरह की धृष्टता ने श्रद्धालुओं को स्तब्ध कर दिया है। मंदिर समिति का कहना है कि जब भगवान ही सुरक्षित नहीं, तो आम नागरिक की सुरक्षा का क्या? घटना की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश का दावा कर रही है। अब सवाल यह है कि क्या पुलिस इस छद्मभेषी अपराधी को सलाखों के पीछे पहुंचा पाएगी या आस्था पर हुआ यह आघात फाइलों में ही दबकर रह जाएगा?

## शहडोल की बेटी ने गाड़ा सफलता का झंडा

# दीशी त्रिपाठी का एमपी बास्केटबॉल टीम में चयन, अब राजस्थान में दिखाएंगी दम

**शहडोल।** खेल के मैदान से शहडोल के लिए एक और गौरवशाली खबर सामने आई है। जिले की होनहार खिलाड़ी दीशी त्रिपाठी ने अपनी प्रतिभा और कड़े संघर्ष के दम पर मध्य प्रदेश की 19 वर्षीय बालिका बास्केटबॉल टीम में अपनी जगह पक्की कर ली है। दीशी अब राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर राजस्थान के बाड़मेर में जीत का बिगुल फूकेंगी।



### चयनकर्ताओं को किया प्रभावित

संभागीय बास्केटबॉल कोच के.के. श्रीवास्तव ने बताया कि नवंबर माह में मंदसौर (सीतामऊ) में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शहडोल की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया था। इस दौरान दीशी त्रिपाठी के उत्कृष्ट व्यक्तिगत प्रदर्शन और आक्रामक खेल शैली ने चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी ओर खींचा, जिसके फलस्वरूप उन्हें नेशनल टीम के लिए चुना गया।

### 2 जनवरी से बाड़मेर में महामुकाबला

दीशी की तैयारी के लिए मध्य प्रदेश टीम का प्री-नेशनल कोचिंग कैंप 26 दिसंबर से 30 दिसंबर तक मंदसौर में आयोजित है। प्रशिक्षण पूरा करने के बाद दीशी 2 जनवरी से 6 जनवरी 2026 तक बाड़मेर (राजस्थान) में आयोजित 19 वर्ष बालिका राष्ट्रीय शालेय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी।

### शहडोल बना बास्केटबॉल की नर्सरी

गांधी स्टेडियम में पिछले 32 वर्षों से खिलाडिय़ों को तराश रहे राष्ट्रीय कोच के.के. श्रीवास्तव का परिश्रम रंग ला रहा है। हाल ही में शहडोल में आयोजित 14 वर्ष राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी जिले की चार बेटियों अनुष्का कारंगले, आराध्या द्विवेदी, कृपा गुप्ता और पावनी तिवारी ने मध्य प्रदेश टीम में स्थान पाकर जिले का नाम रोशन किया था। लगातार मिल रही इन सफलताओं ने साबित कर दिया है कि यदि सही मार्गदर्शन और कोचिंग मिले, तो शहडोल के खिलाड़ी देश के किसी भी मैदान पर लोहा मनवाने का माद्दा रखते हैं। दीशी के चयन पर खेल प्रेमियों और जिला बास्केटबॉल संघ ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने की अग्रिम शुभकामनाएं दी हैं।

## फाइलों में कैद नामांतरण-बंटवारे के खेल पर लगेगी लगाम

**शहडोल।** जिले की राजस्व व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने सख्त तेवर अख्तियार कर लिए हैं। समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि राजस्व न्यायालयों में जनता के काम लटकाने वाले अधिकारियों को बख्शा नहीं जाएगा। कलेक्टर ने आरसीएमएस में दर्ज नामांतरण, सीमांकन और बंटवारे के लंबित प्रकरणों को समय-सीमा में निपटाने के दो टूक निर्देश दिए हैं। कलेक्टर डॉ. सिंह ने राजस्व सर्किल और तहसील स्तर के अधिकारियों की क्लास लेते हुए कहा कि जो प्रकरण तीन महीने से अधिक समय से लंबित हैं, उन्हें अभियान चलाकर तत्काल निराकृत किया जाए। जनता को तहसील के चक्कर लगवाना अब भारी पड़ सकता है। उन्होंने नक्शा विहीन और जीर्ण-शीर्ण नक्शे वाले ग्रामों की सूची भू-अभिलेख शाखा को भेजने के निर्देश दिए, ताकि नए नक्शों के जरिए त्रुटिहीन रिकॉर्ड तैयार हो सके। बैठक में शासकीय जमीन आवंटन और सरकारी परिसंपत्तियों की सुरक्षा पर भी मंथन हुआ। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अभियान चलाकर सभी सरकारी परिसंपत्तियों को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज किया जाए, ताकि अतिक्रमण और विवादों की स्थिति न बने। साथ ही, राजस्व वसूली में लक्ष्य से पीछे चल रहे तहसीलदारों को पुरानी वसूली प्राथमिकता पर करने की चेतावनी दी गई है।

## कालरी की बिजली पर मुफ्तखोरी का अंत

# नामी दुकानों और प्रतिष्ठानों में छापेमारी से मचा हडक़ंप, जेल भेजेंगे डॉ. सिद्दीकी

**शहडोल।** रीजनल वर्कशॉप सोहागपुर क्षेत्र के अंतर्गत कोयला खदानों की बिजली पर मुफ्तखोरी करने वाले अवैध कनेक्शनधारियों के खिलाफ शुक्रवार को प्रशासन ने सर्जिकल स्ट्राइक की है। समाचार पत्रों में लगातार प्रकाशित खबरों के बाद हरकत में आए प्रबंधन ने 26 दिसंबर को एक विशाल टीम के साथ धावा बोला, जिससे पूरे क्षेत्र में हडक़ंप मच गया। भारी पुलिस बल और सुरक्षाकर्मियों की मौजूदगी में शुरू हुए इस अभियान ने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से लेकर रसूखदारों के आशियानों तक लगे अवैध तारों को उखाड़ फेंका।



### वरिष्ठ अधिकारियों ने संभाली कमान

रीजनल वर्कशॉप प्रभारी डॉ. एम.ए.एच. सिद्दीकी के नेतृत्व में अमलाई पुलिस और एसआईएसएफ के जवानों के साथ दो दर्जन से अधिक विद्युत कर्मियों ने स्टेट बैंक के सामने से अभियान का आगाज किया। टीम ने मां शारदा किराना, चौरसिया पान भंडार, वाइन शॉप, महाकाल डेयरी, आशीष ज्वेलर्स जैसे नामी प्रतिष्ठानों के अवैध कनेक्शन काटकर भारी मात्रा में केबल जब्त की। इसके बाद टीम का रुख अमराडंडी की ओर हुआ, जहां लोग फ्री की बिजली पर हीटर और एसी चलाकर सिस्टम पर ओवरलोड बढ़ा रहे थे।

### एसी-हीटर की ऐश पर पानी फिरा

अमराडंडी में आलम यह था कि भारी लोड के कारण आए दिन पावर ट्रिप हो रहा था। कार्रवाई के दौरान संजीवन क्लीनिक, मॉडर्न तोहफा, पैराडाइज ब्यूटी पार्लर और कृष्ण पैथोलॉजी समेत कई घरों व दुकानों से अवैध तार खींचे गए। टीम को देख अफरा-तफरी मच गई, कई शातिर लोग पकड़े जाने के डर से खुद ही तार खींचते नजर आए।

### अब सीधे दर्ज होगा मुकदमा

रीजनल प्रभारी डॉ. सिद्दीकी और इंजीनियर अजय द्विवेदी ने दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि कालरी की बिजली चोरी कर आशियाने चमकाने वालों को अब बख्शा नहीं जाएगा। आगामी दिनों में मध्य प्रदेश विद्युत मंडल के साथ संयुक्त छापेमारी कर बिजली चोरों के खिलाफ सीधे थाने में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। आशीष इलेक्ट्रिकल्स, मस्ताना ऑटो, माजिद बिल्डिंग, कोल स्टोरेज, राजू फल, विजय गुप्ता, बबलू जूलियट, प्रेरणा मेकओवर सहित अन्य के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं अमनप्रीत पाण्डेय उम्र 38 वर्ष पति श्री डॉ. अपूर्वा पाण्डेय निवासी वार्ड नं.-09 ब्यौहारी थाना व तहसील ब्यौहारी जिला शहडोल (म.प्र.) की निवासी हूँ मैं शपथपूर्वक कथन करती हूँ कि:- आधारकार्ड नं.-436919386079 है। मैने अपना पासपोर्ट भोपाल (म.प्र.) से बनवाया गया था। जिसका पासपोर्ट क्रमांक - P0389178 है। उक्त पासपोर्ट में मेरा नाम पाण्डेय अमनप्रीत कौर दर्ज है । मेरे आधारकार्ड नं.-4369 1938 6079 एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम अमनप्रीत पाण्डेय लिखा है, जो सही एवं सत्य है। मेरे पासपोर्ट में सुधारकर मेरा नाम आधारकार्ड के अनुसार अमनप्रीत पाण्डेय लिखे जाने हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत है । मेरे द्वारा किसी भी प्रकार की जानकारी तथा तथ्य नही छुपायी गयी है अगर कोई तथ्य छुपायी जाती है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी मेरी होगी ।जिस हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत है।
CX 898562

# 8 महीने से फरार पॉक्सो एक्ट का आरोपी धराया

**शहडोल।** मासूम बच्चियों पर बुरी नजर रखने वाले और कानून को ठेंगा दिखाकर फरार होने वाले अपराधियों के खिलाफ गोहपारू पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। नाबालिग के अपहरण और यौन उत्पीडऩ (पॉक्सो एक्ट) के गंभीर मामले में पिछले आठ महीनों से पुलिस को छका रहा आरोपी संजय बैगा आखिरकार कानून के शिकंजे में आ गया है।



### यह है मामला

मामला अप्रैल 2025 का है, जब नवागांव निवासी संजय बैगा उम्र 28 वर्ष ने एक 15 वर्षीय नाबालिग का अपहरण किया था। परिजनों की शिकायत पर गोहपारू पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। कड़ी मशक्कत के बाद अगस्त माह में बालिका को दस्तयाब किया गया, जिसके बयानों के आधार पर प्रकरण में पॉक्सो एक्ट और बीएनएस की संगीन धाराएं बढ़ाई गईं।

### घेराबंदी कर बरहा से गिरफ्तारी

घटना के बाद से ही आरोपी संजय गिरफ्तारी के डर से लगातार ठिकाने बदल रहा था। थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार मिश्रा के नेतृत्व में गठित टीम ने मुखबिरों का जाल बिछाया। 25 दिसंबर को सटीक सूचना मिलते ही पुलिस ने ग्राम बरहा में घेराबंदी कर आरोपी को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। इस सफल कार्रवाई में सउनि भागचन्द, आरक्षक गुरुदयाल उइके और अजीत यादव की मुख्य भूमिका रही। पुलिस की इस मुस्तैदी ने साफ कर दिया है कि अपराध कर बच निकलना अब नामुमकिन है।

### सरकारी रसूख की बलि चढ़ा चालक

# डीएफओ के परिवार की सैर-सपाटे ने उजाड़ा एक घर

उमरिया।

सरकारी सफेद हाथी जब रसूखदारों के निजी खिलौने बन जाते हैं, तो उसका अंजाम कितना खौफनाक होता है, इसकी बानगी बीती रात घुनघुटी के पास देखने को मिली। सरकारी तेल और सरकारी गाड़ी पर सवार होकर निजी सैर-सपाटे पर निकले एक रसूखदार परिवार की लापरवाही ने न केवल एक गरीब वाहन चालक की जान ले ली, बल्कि सिस्टम के मुंह पर भी जोरदार तमाचा जड़ा है।



## ट्रक में जा घुसी सरकारी गाड़ी

घटना बीती रात की है, जब पाली थाना क्षेत्र के घुनघुटी स्थित मदारी ढाबा के पास सडक़ किनारे खड़े एक ट्रक में पीछे से आ रही तेज रफ्तार सरकारी बोलेरो अनियंत्रित होकर जा घुसी। भिड़ंत इतनी भीषण थी कि बोलेरो का अगला हिस्सा पूरी तरह पिचक गया। वाहन चला रहे चालक इजहार खान उम्र 32 वर्ष निवासी मेढकी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मलबे में फंसे घायलों की चीख-पुकार सुनकर आस-पास के लोग दौड़े, तब कहीं जाकर उन्हें बाहर निकाला जा सका।

## डीएफओ के मेहमानों की प्राइवेट पिकनिक

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो नरसरहा डिपो से बांधवगढ़ की ओर जा रही थी। वाहन में सवार सभी लोग शहडोल दक्षिण डीएफओ श्रद्धा पेन्द्रों के पारिवारिक सदस्य और परिचित बताए जा रहे हैं। बताया गया है कि इन सभी ने नरसरहा डिपो स्थित सरकारी आवास पर रात का शाही भोजन किया और फिर सरकारी वाहन को निजी टैक्सी की तरह इस्तेमाल करते हुए रात के अंधेरे में बांधवगढ़ की सैर पर निकल पड़े।

## दुर्घटना में यह हुए घायल

सडक़ दुर्घटना में श्रेया मर्सकोले पिता सूरज मर्सकोले, भानुशी मरावी पिता राम किशोर मरावी,जूही बनर्जी पिता संजीव बनर्जी साक्षी मर्सकोले घायल हो गये, भगवंती मर्सकोले पिता नागरजी मर्सकोल, मीनाक्षी मर्सकोले पिता रामप्रसाद मर्सकोले की हालत नाजुक बताई गई है। गंभीर रूप से घायल भगवंती और मीनाक्षी को प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर किया गया है, जहां वे जीवन और मौत के बीच झूल रही हैं।

## किसका तेल, किसकी गाड़ी, किसका रौब

यह हादसा मात्र एक सडक़ दुर्घटना नहीं, बल्कि सरकारी संसाधनों की खुली डकैती है। जनता के टैक्स के पैसे से चलने वाली गाडिय़ां क्या अधिकारियों के रिश्तेदारों को पिकनिक मनाने के लिए दी जाती हैं? शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि सरकारी वाहन का उपयोग केवल विभागीय कार्यों के लिए होगा। फिर आधी रात को बांधवगढ़ की सैर कौन सा राजकीय कार्य था, उस निर्दोष चालक की मौत का जिम्मेदार कौन है, जिसे रसूखदारों की सेवा में रात के वक्त गाड़ी दौड़ाने पर मजबूर किया गया, क्या विभाग के आलाधिकारियों को खबर नहीं थी कि सरकारी कैंपस से गाड़ी निजी उपयोग के लिए बाहर जा रही है?

## सिस्टम की बेशर्मी और खामोशी

हैरानी की बात यह है कि इस गंभीर लापरवाही के बाद भी प्रशासनिक गलियारों में सन्नाटा पसरा है। अधिकारी अपने साथी को बचाने के लिए मामले पर पर्दा डालने की कोशिश कर रहे हैं। मदारी ढाबा के पास हुआ यह हादसा कह रहा है कि उमरिया और शहडोल में वन विभाग और प्रशासनिक अमला सरकारी संपत्ति को अपनी जागीर समझ बैठा है।

## अब कार्रवाई का इंतजार

इस हादसे ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि रसूखदारों की सुख-सुविधाओं की कीमत अक्सर गरीबों को अपनी जान देकर चुकानी पड़ती है। प्रशासन और वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए यह परीक्षा की घड़ी है। क्या वे श्रद्धा पेन्द्रों और संबंधित जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई करेंगे या फिर इस फाइल को भी रसूख की धूल के नीचे दबा दिया जाएगा?

**इनका कहना है...**

बीती रात करीब 02 से 03 बजे के बीच यह दुर्घटना हुई, जिसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**राजेश चंद्र मिश्रा**
**थाना प्रभारी, पाली**

# मोबाइल के प्रचार के लिए दांव पर लगा दी युवक की जान!

उमरिया।

शहर की सबसे व्यस्ततम सडक़ों में शुमार रेलवे स्टेशन रोड पर बीती शाम प्रचार के नाम पर जो तमाशा हुआ, उसने यातायात व्यवस्था और मानवीय संवेदनाओं को शर्मसार कर दिया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक रोंगटे खड़े कर देने वाले वीडियो ने प्रशासनिक अमले की मुस्तैदी पर सवालिया निशान लगा दिए हैं।

## रसूख और पब्लिसिटी का जानलेवा कॉकटेल

मिली जानकारी के अनुसार शहर के एक नामी मोबाइल दुकानदार ने अपनी दुकान की पब्लिसिटी के लिए रूह कंपा देने वाला स्टंट करवाया। वीडियो में साफ दिख रहा है कि एक युवक चलती इलेक्ट्रिक कार की छत पर खड़ा होकर करतब दिखा रहा है



और फिर अचानक चलती गाड़ी से सडक़ पर कूद जाता है। यह सब किसी सर्कस के मैदान में नहीं, बल्कि उमरिया की उस सडक़ पर हुआ जहाँ चौबीसों घंटे वाहनों का रेला लगा रहता है।

## मौत को दावत देता एडवर्टाइजमेंट

पब्लिसिटी की इस भूखी मानसिकता ने युवक को सीधे मौत के मुंह में धकेल दिया था। गनीमत रही कि जिस वक्त युवक कार से कूदा, पीछे से कोई भारी वाहन नहीं आ रहा था, वरना स्टेशन रोड पर लाशें बिछने में देर नहीं लगती। क्या चंद मोबाइल बेचने और चंद लाइक्स पाने के लिए किसी की जान से खेलना जायज है?

## दुकानदार की बढ़ेगी मुश्किलें

मामला तूल पकड़ते ही यातायात पुलिस हरकत में आई है। यातायात प्रभारी चंद्रकांत तिवारी ने सख्त तेवर अपनाते हुए कहा है कि यह कृत्य बर्दाश्त के बाहर है। दुकान के प्रमोशन के नाम पर सडक़ को अखाड़ा बनाने वाले दुकानदार और स्टंटबाज युवक की पहचान कर ली गई है। इन पर ऐसी कार्रवाई होगी जो शहर के अन्य स्टंटबाजों के लिए नजीर बनेगी।

## यह सडक़ है, थियेटर नहीं

वीडियो वायरल होते ही शहरवासियों में भारी गुस्सा है। लोगों का कहना है कि अगर आज इन पर कार्रवाई नहीं हुई, तो कल कोई और दुकानदार प्रचार के नाम पर सडक़ पर बड़ा हादसा करवा देगा। सडक़ें स्टंट या सर्कस के लिए नहीं, आवाजाही के लिए हैं। अगर आप भी रील बनाने या प्रचार के चक्कर में कानून तोड़ रहे हैं, तो जेल की सलाखें आपका इंतजार कर रही हैं।

### वीर बाल दिवस हमें राष्ट्रीय एकता और भाईचारे का देता है संदेश:अनुजा

# वीर बाल दिवस पर हाई स्कूल लालपुर में कार्यक्रम संपन्न









उमरिया।

वीर बाल दिवस (साहिबजादा दिवस) गुरु गोबिंद सिंह जी के बेटों के बलिदानों के सम्मान में मनाया जाता है।श्री गुरु गोविंद सिंह जी के बेटे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह ने छोटी उम्र में ही धर्म की रक्षा के लिए अपनी जान न्योछावर कर दी थी। ये दोनों छावा की तरह दहाड़ते थे और आज भी इनकी शहादत लोगों को याद है।उक्त आशय के विचार जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल ने शासकीय हाई स्कूल लालपुर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि वीर बाल दिवस हमें राष्ट्रीय एकता और भाईचारे का संदेश देता है। सरकार व्दारा वीर बलिदानियों की जानकारी देने के उददेश्य से कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है और समाज को उनके पराक्रमों, वीरगाथाओ से अवगत कराया जा रहा है ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि आने वाली पीढ़ी को संस्कृति, धर्म के प्रति सम्मान बनाकर रखना है । साहिबजादो के जीवन से प्रेरणा से लेकर वे अपने दायित्व, को समझते हुए अपने कर्तव्य का पालन करें , तभी सफलता को अर्जित कर सकते है। उन्होने वीर बाल दिवस पर बच्चों द्वारा तैयार की गई पेटिंग की सराहना की, तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने कहा कि हर वर्ष 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाया जाता है, जिसे 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषित किया था, ताकि गुरु गोबिंद सिंह के छोटे साहिबजादों, जोरावर सिंह और फतेह सिंह के धर्म और मूल्यों के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि दी जा सके,जिन्हें औरंगजेब के आदेश पर दीवार में जिंदा चुनवा दिया गया था,और यह दिन बच्चों की वीरता और बलिदान का प्रतीक है।उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री जी व्दारा प्रधानमंत्री वीर बाल दिवस प्रतियोगिता में सात गतिविधियां प्रारंभ की गई हैं जिसमें खेल,चित्रकला सहित अन्य गतिविधियां शामिल हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आसुतोष अग्रवाल ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है। बच्चों को साहिबजादों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। वीर बल दिवस पर,हम साहिबजादा जोरावर सिंह जी और साहिबजादा फतेह सिंह जी के अतुलनीय साहस को नमन करते हैं। उनका सर्वोच्च बलिदान हमें सिखाता है कि चाहे कितनी भी कीमत चुकानी पड़े,आस्था,सत्य,धर्म और न्याय के लिए दृढ़ रहना चाहिए।

कार्यक्रम में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्य आतिथ्य मे दिल्ली से आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण हाई स्कूल लालपुर मे देखा एवं सुना गया । इस अवसर पर चित्रकला,ग्रुप डांस,निबंध लेखन,कविता, सरस्वनती वंदना, स्वागत गीत में भाग लेने वाले बच्चो को मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों के व्दारा सम्मानित किया गया ।

इस अवसर पर बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष शशि गौतम,सदस्य मधुलिका अग्रवाल,कृष्णा तिवारी, किशोर न्याय बोर्ड से संजय तिवारी,गोमती भारती,राजा तिवारी,जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग दिव्या गुप्ता सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायतों में मनाया गया पेसा महोत्सव



उमरिया

। जनपद पंचायत पाली के पेसा क्षेत्र के समस्त ग्राम पंचायतों के ग्राम सभाओं में पेसा महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत पाली के ब्लाक समन्वयक जय प्रकाश सिंह व पेसा मोबिलाइजरो द्वारा ग्राम सभा में उपस्थित ग्रामीणजनों को पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार) अधिनियम 1996 पेसा एक्ट के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।ग्राम सभा में बताया गया कि पेसा एक्ट के अंतर्गत अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभा को महत्वपूर्ण अधिकार प्रदान किए गए हैं, जिनमें ग्राम स्तर पर निर्णय लेने की स्वतंत्रता, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण एवं प्रबंधन,पारंपरिक रीति-रिवाजों एवं सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण तथा शराब बिक्री,खनन एवं भूमि उपयोग से संबंधित विषयों पर ग्राम सभा की पूर्व अनुमति अनिवार्य होना शामिल है।

साथ ही ग्रामीणों को ग्राम सभा की भूमिका,अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया तथा पेसा अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु ग्राम सभा की सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया गया।

## चौडार नाला मे जल संरक्षण



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** कोतमा विकास खंड के सेक्टर क्र. 4 के ग्राम पंचयात पथरौड़ी मे नवाकुर संस्था जी. एस. हितकारिणी समिति कोतमा और ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पथरौड़ी के सहयोग से चौडार नाला मे जल संरक्षण के तहत जल संचय अभियान मे बोरी बधान कार्यक्रम किया गया जिसमे विकास खंड समन्वयक सरिमन साकेत नवांकुर संस्था से ओंकार सिंह परामर्श दाता श्रीमती प्रतिभा साहू ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति से जगत प्रसाद केवट, सुखदेव सिंह, करण सिंह, छोटू केवट, लोकनाथ सिंह उपस्थित थे।

# गौरव दिवस पर नगर परिषद राजनगर में उमड़ा जनसैलाब

### विकास और सामाजिक समरसता का बना ऐतिहासिक उत्सव





**राजनगर।** नगर परिषद (बनगवां) राजनगर में गौरव दिवस का आयोजन इस वर्ष इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया। नगरवासियों के उत्साह, सहभागिता और सामाजिक एकजुटता ने इस कार्यक्रम को एक जनआंदोलन का रूप दे दिया। हजारों की संख्या में महिला, पुरुष, युवा और बुजुर्गों की मौजूदगी ने यह स्पष्ट कर दिया कि नगर परिषद राजनगर में गौरव दिवस केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि नगर की आत्मा से जुड़ा पर्व बन चुका है।

## 1500 से अधिक नागरिक रहे मौजूद

कार्यक्रम स्थल पर स्थिति यह रही, कि लोगों की संख्या लगातार बढ़ती गई और प्रांगण में जगह कम पड़ गई। अनुमान के अनुसार 1500 से अधिक नागरिक इस आयोजन में उपस्थित रहे। चारों ओर देशभक्ति, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक सरोकारों की झलक देखने को मिली। नगर परिषद द्वारा आयोजित इस गौरव दिवस ने न केवल राजनगर को गौरवान्वित किया, बल्कि पूरे अनूपपुर जिले में एक सकारात्मक संदेश भी दिया। इस कार्यक्रम में पधारे सभी पत्रकारों का नगर परिषद द्वारा शाल, श्रीफल, देकर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन सुरेश गौतम, अखंड प्रताप सिंह, दीपक सिंह द्वारा सफल संचालन किया गया।

## श्रद्धांजलि से हुआ शुभारंभ

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। मंचासीन अतिथियों और नगरवासियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। अटल जी के विचारों, उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान और लोकतांत्रिक मूल्यों पर प्रकाश डाला गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान पूरा प्रांगण तालियों से गूंज उठा और वातावरण भावुक हो गया। वक्ताओं ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणा है और उनके बताए मार्ग पर चलकर ही राष्ट्र और नगर का विकास संभव है।

## संस्कार और संस्कृति की मिशाल

श्रद्धांजलि के पश्चात कन्या पूजन का आयोजन किया गया, जिसने गौरव दिवस को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक ऊँचाई प्रदान की। नगर की कन्याओं का विधिवत पूजन कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संदेश दिया गया कि बेटियां समाज की शक्ति हैं और उनके सम्मान से ही समाज का भविष्य सुरक्षित है। नगर के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा नृत्य और गायन की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दी गईं। देशभक्ति गीतों, लोक नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया। हर प्रस्तुति पर तालियों की गड़गड़ाहट सुनाई देती रही।

## सामाजिक सरोकारों की अनूठी पहल

नगर परिषद द्वारा दिव्यांग नागरिकों को ठंड से बचाव हेतु जैकेट वितरित की गईं। साथ ही 500 से अधिक कंबलों का वितरण जरूरतमंदों को किया गया। ठंड के मौसम में यह सहायता गरीब और असहाय लोगों के लिए वरदान साबित हुई। महिलाएं, युवा, बुजुर्ग, व्यापारी, कर्मचारी और छात्रकृनगर के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। लोगों ने इसे नगर परिषद की दूरदर्शी सोच का परिणाम बताया।

## नगर परिषद की कार्यशैली की सराहना

नगर परिषद राजनगर द्वारा किए जा रहे, विकास कार्यों और सामाजिक योजनाओं की जमकर सराहना की गई। सुरक्षा, मंच संचालन और व्यवस्थाएं पूरी तरह सुव्यवस्थित रहीं। गौरव दिवस ने यह सिद्ध कर दिया, कि जब जनता और प्रशासन एक साथ चलते हैं, तो विकास और सामाजिक सौहार्द अपने आप रास्ता बना लेते हैं। कार्यक्रम के समापन अवसर पर पूरे प्रांगण में उत्साह का माहौल रहा। नगरवासियों ने भविष्य में ऐसे और आयोजनों की अपेक्षा जताई।

## कार्यक्रम में यह हुये शामिल

हीरा सिंह श्याम अध्यक्ष भाजपा जिला अनूपपुर, बृजेश गौतम पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा अनूपपुर, राजू जायसवाल पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा अनूपपुर, वरिष्ठ समाजसेवी रामकुमार तिवारी, सिद्धार्थ शिव सिंह महामंत्री भाजपा जिला अनूपपुर,जितेंद्र भट्ट उपाध्यक्ष भाजपा जिला अनूपपुर, राजेश सिंह जिला मीडिया प्रभारी भाजपा अनूपपुर, कमलेश चतुर्वेदी मंडल अध्यक्ष भाजपा राजनगर, गजेंद्र सिंह सिकरवार पूर्व प्रदेश सहसंयोजक प्रधानमंत्री जन कल्याण प्रकोष्ठ, आधाराम वैश्य पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा जिला अनूपपुर, राजेंद्र त्रिपाठी पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा राजनगर, सुरेश गौतम पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा मंडल राजनगर, राजेश कलसा पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा मंडल राजनगर, धर्मेंद्र सिंह अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा भाजपा जिला अनूपपुर, सुरेश कोल डोला, रविशंकर तिवारी उपाध्यक्ष नगर परिषद डोला, सोनू कनौजिया अध्यक्ष युवा मोर्चा मंडल राजनगर, सचिन द्विवेदी महामंत्री युवा मोर्चा मंडल राजनगर, महेश जेठानी, देवनाथ त्रिपाठी, तेज बहादुर कुशवाहा उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अनूपपुर, संगीता माली मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा मंडल राजनगर, राजेश सोनी, मनीष शुक्ला जिला संयोजक व्यापारी प्रकोष्ठ अनूपपुर, वरिष्ठ नेता सच्चिदानंद सिंह, दारा सिंह क्षेत्रीय अध्यक्ष बीएमएस हसदेव क्षेत्र एसईसीएल, भाजपा नेता अरविंद सिंह, सुनील गुप्ता, रामू यादव सीटू श्रमिक संघ, भूपेंद्र महरा पूर्व मंडल अध्यक्ष नगर मंडल बिजुरी, पार्षद प्रमोद शुक्ला, पार्षद गिरिजा विश्वकर्मा, उमंग गुप्ता अध्यक्ष नगर पालिका जैतहरी, यशवंत सिंह अध्यक्ष नगर परिषद राजनगर, धनंजय सिंह उपाध्यक्ष नगर परिषद राजनगर, पार्षद पार्वती पनिका,पार्षद राजकुमारी, पार्षद ललई कोल, पार्षद सरला सिंह, पार्षद सविता कुशवाहा, पार्षद रीता कलसा, पार्षद गिरिजा विश्वकर्मा, पार्षद मनोज चंदेल, पार्षद संगीता सोनी, पार्षद समय पटेल, पार्षद प्रमोद शुक्ला, मुख्य नगर परिषद अधिकारी राममिलन तिवारी, लेखापाल राजेश मिश्रा, इंजीनियर मंशाह कुंजाम, जावेद मंसूरी, स्थानीय पत्रकार वरिष्ठ पत्रकार भीम सिंह, समर बहादुर सिंह, मनोज सिंह, अमित सेन गुप्ता, श्रीमती रीना शर्मा (हरिभूमि), मुनेंद्र यादव, मनीष सिंह, अजीत श्रीवास्तव, मनुमणि तिवारी, हर्षित तिवारी, सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# विद्युत नगरी चचाई में अटल प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम संपन्न



**चचाई।** अनूपपुर जिले के विद्युत नगरी चचाई में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी के प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम भाजपा मंडल अनूपपुर ग्रामीण चचाई के द्वारा भव्यता के साथ 25 दिसंबर उनके जन्म दिवस पर आयोजित किया गया। पूर्व में कहे जाने वाले सी चौक पर अटल बिहारी वाजपेई की 6 फीट ऊंची भव्य आकर्षक प्रतिमा के अनावरण के साथ ही अब इस चौक को अटल चौक के नाम से जाना जाएगा। कार्यक्रम के प्रारंभ में मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री द्वारा कन्या पूजन कर अटल जी के प्रतिमा में दीप प्रज्वलित कर अटल प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रतिमा का अनावरण किया इसके बाद मंचासीन अतिथियों का स्वागत वंदन कार्यक्रम किया गया कार्यक्रम में अतिथियों ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी के जीवनकाल घटनाक्रम एवं उनके व्यक्तित्व पर अपने-अपने विचार रखें। मध्य प्रदेश शासन के मंत्री दिलीप जायसवाल ने अटल प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम के आयोजक मंडल अनूपपुर ग्रामीण के अध्यक्ष व कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए अटल जी की 101वीं जयंती पर कहा कि अटल जी कार्यकर्ताओं के प्रति जितने सरल और सहज थे वहीं जनता के प्रति संवेदनशील एवं देश की सीमा की रक्षा के लिए उतने ही कठोर थे। इस प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में मुख्य वक्ता शंभू नाथ विश्वविद्यालय शहडोल के पूर्व कुलपति मुकेश तिवारी अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री दिलीप जायसवाल जी पूर्व विधायक व कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता अटल बिहारी वाजपेई के समय से पार्टी का कार्य कर रहे गजाधर पटेल कल्लू प्रसाद सोनी मूलचंद अग्रवाल जिला पंचायत उपाध्यक्ष पर्वती राठौर जिला मंत्री सिद्धार्थ सिंह युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रवि राठौर जितेंद्र भट्ट चंद्रिका द्विवेदी विवेक बियानी रामनारायण उरमालिया राजेश सिंह भूपेंद्र महरा डॉ राज तिवारी मुकेश पटेल ग्राम कैलोरी सरपंच रामपाल सिंह लहरु पार्वती महरा जितेंद्र सिंह राघवेंद्र शुक्ला तिलक राज सोनी मनोज मिश्रा जीतू सिंह परिहार मानेंद्र सिंह सुरेश यादव राकेश मिश्रा बबलू सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्युत नगरी चचाई के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को शील्ड देकर सम्मानित मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया। इस पूरे कार्यक्रम में मंच संचालन अनूपपुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण फुक्कू सोनी द्वारा जबकि कार्यक्रम का आभार महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती रश्मि खरे द्वारा किया गया।

# राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन




**बुढार।** तहसील विधिक सेवा समिति बुढार द्वारा राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया और उपभोक्ता हित तथा विधिक जागरूकता से अवगत कराया गया।
म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के मार्गदशन तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष काशीनाथ सिंह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शहडोल के निर्देशानुसार एवं सुशील कुमार अग्रवाल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति बुढार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस के उपलक्ष्य पर सिविल न्यायालय बुढ़ार में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर अवसर पर उपस्थित पक्षकारों एवं अधिवक्तागणों को उपभोक्ताओं के अधिकार के संबंध में विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस पर शिविर कार्यक्रम के अध्यक्ष माननीय जिला न्यायाधीश सुशील कुमार अग्रवाल ने उपभोक्ताओं की उत्पन्न होने वाली समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए अवगत कराया कि उपभोक्ताओं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की नितांत आवश्यकता है वहीं माननीय न्यायधीश ने विधिक जागरूकता के विभिन्न विषयों से अवगत कराया इस अवसर पर व्यवहार न्यायाधीश श्रीमती आकांक्षा तेकाम ने विधिक जागरूकता के संबंध में उपस्थित अधिवक्तागण एवं पक्षकारों को जागरूकता प्रदान की। अधिवक्ता संघ के सचिव शैलेंद्र सिंह ने उपभोक्ता अधिकार दिवस पर बाजार से वस्तुओं के क्रय -विक्रय के संबंध में उपस्थित जनों को जागरूक किया गया। इसके अलावा शिविर में उपस्थित अधिवक्ताओं ने भी शिविर अवसर पर अपने विचार आमजनों के समक्ष प्रस्तुत किये।

## खबर संक्षेप

### ईएसआईसी की 'स्प्री-2025' योजनाः एम्प्लॉयर्स को 31 दिसंबर तक आवेदन करने का अवसर

**अमलाई।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC) द्वारा शुरू की गई 'स्प्री-2025' योजना का लाभ लेने के लिए एम्प्लॉयर्स के पास 31 दिसंबर 2025 तक का समय है। यह योजना कर्मचारियों के लिए सेहत सेवाओं और पुराने देनदारियों से मुक्त कर उन्हें शीघ्र पंजीकरण करवाने की सुविधा प्रदान करती है।
इस योजना के तहत, एम्प्लॉयर्स जो अब तक पंजीकरण नहीं करवा पाए हैं, उन्हें जल्द से जल्द आवेदन करना होगा। योजना का उद्देश्य कर्मचारियों को त्वरित पंजीकरण के माध्यम से मेडिकल और अन्य लाभों का लाभ देना है। इसके अलावा, इस योजना से जुड़ी पंजीकरण प्रक्रिया में आने वाली पुरानी देनदारियों से भी एम्प्लॉयर्स को राहत मिलेगी।
ईएसआईसी द्वारा यह योजना 1 जुलाई 2025 से शुरू की गई थी, और इसका आवेदन 31 दिसंबर तक किया जा सकता है। एम्प्लॉयर्स को समय रहते आवेदन प्रक्रिया को पूरा करना चाहिए, ताकि वे इस लाभकारी योजना का लाभ उठा सकें।
इस योजना के बारे में शाखा प्रबंधक विजय नामदेव ने बताया की अधिक जानकारी और पंजीकरण के लिए, एम्प्लॉयर्स को ईएसआईसी की वेबसाइट पर जाना होगा, या फिर नजदीकी ईएसआईसी कार्यालय से या दूरभाष 9424135974 पर संपर्क किया जा सकता है।

### वीर बाल दिवस पर साहिबजादों की शहादत को नमन



**जमुना/बदरा।** देशभर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में मनाए जा रहे वीर बाल दिवस के अवसर पर नगरपालिका पसान द्वारा जमुना कॉलरी स्थित गुरुद्वारे में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह जी के वीर साहिबजादों की अद्वितीय शहादत को स्मरण कर उन्हें नमन करना रहा। गुरुद्वारा परिसर में लगाए गए बैनरों पर "श्री वाहेगुरु जी का खालसा, श्री वाहेगुरु जी की फतेह" एवं "मैं साहिबजादों के शहीदी दिवस पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं" जैसे संदेश अंकित थे। बैनरों में गुरु गोविंद सिंह जी, माता गुजरी जी एवं साहिबजादों के चित्रों ने पूरे वातावरण को श्रद्धा और गौरव से ओतप्रोत कर दिया। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष राम अवध सिंह, पसान मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह (मिंटू), पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष रामदास पुरी, सुखविंदर सिंह, नरेश चंद शर्मा, अमित धारू के साथ वरिष्ठ पत्रकार संतोष चौरसिया की गरिमामयी उपस्थिति रही अतिथियों ने साहिबजादों के बलिदान को भारतीय इतिहास का स्वर्णिम अध्याय बताते हुए कहा कि उनका त्याग धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के प्रति अटूट आस्था की प्रेरणा देता है।

#### क्यों मनाते हैं शहीदी दिवस

वर्ष 1705 में गुरु गोविंद सिंह जी के छोटे साहिबजादेकृबाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंहकृने मुगल अत्याचारों के सामने झुकने से इनकार करते हुए अल्प आयु में धर्म की रक्षा हेतु प्राणों का बलिदान दिया। इसी महान शहादत की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम के पश्चात गुरुद्वारे में विशाल लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों ने सहभागिता कर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन ने श्रद्धा, एकता और राष्ट्रभक्ति का सशक्त संदेश दिया।

# शब्दांजलि' काव्य संग्रह का 'वातायन' संस्था के मंच पर विमोचन




**उमरिया -** वातायन साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था उमरिया संस्था के संस्थापक स्व. पंडित रामनरेश मिश्र की स्मृति में भव्य साहित्यिक आयोजन किया। आयोजन के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद पयासी कार्यक्रम मुख्य अतिथि डॉ. परमानंद तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि टी. एस. चतुर्वेदी, प्रो. अशोक श्रीवास्तव, डॉ. राकेश सोनी रहे।
वातायन के भव्य आयोजन में स्व. रामचन्द्र प्रसाद कर्ण बिरसिंहपुर पाली के की किताब 'शब्दांजलि' का विमोचन किया गया। इस अवसर पर देश के 28 साहित्यकारों और समाजसेवियों के साथ अनिल मिश्र, लवलेश कुमार कर्ण, कवि संगम त्रिपाठी, डॉ पी.के. मिश्र ' सुरेश ' , सुरेश अवधिया, अनंत उपाध्याय, अशोक अवधिया उपस्थित रहे।
वातायन संस्था के पदाधिकारी एवं सहयोगी गण राजकुमार महोबिया, संतोष कुमार द्विवेदी, चन्द्र किशोर चंदन, डॉ नियाज अहमद,मुकेश त्रिपाठी, शंभू सोनी, राकेश उरमलिया, संपत नामदेव, भूपेन्द्र त्रिपाठी, राम लखन सिंह चौहान, विनोद शुक्ल, मोहम्मद शारिब, शिवांश सिंह सेंगर, करन सिंह, शिवानंद पटेल, सत्येन्द्र गौतम, प्रेमशंकर मिर्जापुरी, किशोर नामदेव, गणेश दत्त गौतम, एम. डी. सिद्दीकी, शरद जायसवाल, चन्द्र किशोर श्रीवास्तव, रविन्द्र रवि का सहयोग सराहनीय रहा।
इस अवसर पर डॉ.0अरुणा पांडेय, विजय बागरी, आशा निर्मल जैन, अजय कुमार झा (जनकपुर नेपाल) व देश के विभिन्न प्रांतों से आए कवि, कवयित्री व साहित्य मनीषी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने में सहयोग प्रदान किया।
कवि साहित्यकार रामचन्द्र प्रसाद कर्ण बिरसिंहपुर पाली की किताब शब्दांजलि के प्रकाशन व विमोचन का भगीरथ प्रयास वरिष्ठ साहित्यकार कवि अनिल मिश्र के प्रयासों का परिणाम है आपकी प्रेरणा से शब्दांजलि किताब का अहिल्या सा उद्धार हो गया व जन जन को समर्पित हो गई।

### श्रद्धेय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई जी की जन्म जयंती मनाई गई



**उमरिया।** श्रद्धेय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई जी की जन्म जयंती कार्यक्रम में प्रथम जिलाध्यक्ष सत्यनारायण शिवहरे जी मंडल अध्यक्ष अशोक नायक जी अभय शिवहरे जी विनय केवट जी गोपाल जी शिवमंगल यादव जी कमलेश सिंह जी श्रेष्ठ शिवहरे मजनू शिंह जी सुरेश शिवहरे जी गौरव जी वीजय सेन मनोज भूमिया जी राजकुमार बैगा जी ने घुनघुटी मंडल में विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर प्रथम जिलाध्यक्ष जी के द्वारा आदरणीय अटल बिहारी बाजपेई जी के जीवन के कुछ पल कार्यकर्ताओं से साझा किए।

### पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की मनाई गई जयंती

**कोतमा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल कोतमा द्वारा केशवाही चौराहा पर भारतीय जनता पार्टी के पितृपुरुष कार्यकर्ताओं के प्रेरणा स्रोत, भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने अटल जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। भाजपा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र भट्ट ने अटल जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष थे, जिनका जीवन देश सेवा और सुशासन के लिए समर्पित रहा। उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि देना है। कार्यक्रम में भारतीय जनता युवा मोर्चा कोतमा के मंडल अध्यक्ष अतल ब्यौहार, मंडल उपाध्यक्ष अमन सिंह परिहार और बड़ी संख्या में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने अटल जी के आदर्शों को आत्मसात करने और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# शासकीय आदर्श महाविद्यालय उमरिया में वीर बाल दिवस पर कार्यक्रम संपन्न



**उमरिया।** शासकीय आदर्श महाविद्यालय उमरिया में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में वीर बाल दिवस पर कार्यक्रम महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ.परमेश्वर सिंह मरावी कि उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ. मरावी ने छात्र,छात्राओ को संबोधित करते हुए भारत मां के दो महान सपूतों के वीरता का परिचय कराते हुए उनके साहस एवं निडरता की गाथा से प्रेरित किया और याद दिलाया की यह दिन गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह के धर्म और सच्चाई की रक्षा उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया जाता है, जिन्होंने छोटी उम्र में ही धर्म परिवर्तन से इनकार करते हुए अपनी शहादत दी थी। यह दिन भारतीय युवाओं को साहस और सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता हेतु प्रेरित करता है।डॉ.राजेंद्र प्रसाद पटेल ने कहा कि औरंगजेब ने गुरु गोविंद सिंह जी के दो नोनीहाल पुत्रों जोरावर सिंह 9 वर्ष तथा फतेह सिंह 7 वर्ष को 26 दिसंबर 1704 को सरहिंद नामक स्थान पर दीवार में जिंदा चुनवा दिया था,उनकी शहादत की शोर्यगाथा को याद करते हुए और 26 दिसंबर 2025 को महाविद्यालय में यह वीरता के अदम्य साहस हेतु वीर बाल दिवस के रूप में मनाया गया। एनएसएस प्रभारी रेमसिंह हटिला ने समस्त सभागार में उपस्थित स्टाफ गण व छात्र, छात्राओं का आभार व्यक्त करते हुए वीर बाल दिवस की शौर्यगाथा को करीब से जानने हेतु प्रेरित किया। राष्ट्र हित गतिविधियों में सहभागिता हेतु छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय एकता में छात्र-छात्राओं की भूमिका के बारे में अवगत कराते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

# ओपीएम में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजनः भक्तों का उमड़ रहा सैलाब





**अमलाई।** ओपीएम स्थित हनुमान मंदिर के सामने टिंकू सोनी के घर पर 22 दिसंबर से शुरू हुई श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन श्रद्धालुओं के बीच भारी उत्साह और श्रद्धा के साथ हो रहा है। कथा का वाचन प्रसिद्ध कथावाचक स्वामी चंद्रभूषण पयासी, तिलक चौक कैमोर द्वारा किया जा रहा है।
इस कथा में प्रतिदिन भारी संख्या में भक्त शामिल हो रहे हैं, जो श्री कृष्ण के जीवन के विभिन्न पहलुओं का श्रीमद्भागवत कथा के माध्यम से श्रवण कर रहे हैं। मूल पाठ सुबह 8 बजे से 12 बजे तक और फिर दोपहर 3 बजे से कथावाचन किया जा रहा है। कथा के दौरान रोजाना प्रसाद का वितरण भी किया जा रहा है, जिससे भक्तों में और अधिक आस्था और उत्साह का संचार हो रहा है। 26 दिसंबर को भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं गोवर्धन पूजा और महारास का वाचन, 27 दिसंबर को श्रीकृष्ण और रुक्मिणी विवाह, 28 दिसंबर को सुदामा चरित्र और 29 को पूर्णाहुति, हवन एवं भंडारे के साथ कथा का समापन किया जाएगा।

# स्व. वाजपेई व स्व. मालवीय जयंती क्रिसमस डे पर गूँजी सांस्कृतिक चेतना



### जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक में राष्ट्र विभूतियों की स्मृति में आयोजन

**हरिभूमि न्यूज, अमरकंटक।** भारत की आध्यात्मिक चेतना, सांस्कृतिक विरासत एवं प्राकृतिक सौंदर्य से समृद्ध पवित्र तीर्थ नगरी अमरकंटक स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक में 25 दिसंबर, गुरुवार को राष्ट्र के दो महान सपूतोंकृभारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई एवं स्वतंत्रता संग्राम के महानायक, शिक्षाविद् और राष्ट्रनिर्माता महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती श्रद्धा, सम्मान एवं गरिमामय वातावरण में मनाई गई। इस पावन अवसर पर विद्यालय के सभा हाल में दोनों महापुरुषों के छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। वातावरण देशभक्ति, कृतज्ञता और प्रेरणा से ओतप्रोत रहा। वक्ताओं ने अपने विचारों के माध्यम से अटल बिहारी वाजपेई जी के ओजस्वी व्यक्तित्व, दूरदर्शी नेतृत्व, संवेदनशील कवि-हृदय तथा महामना मालवीय जी के शिक्षा, राष्ट्रवाद और सामाजिक चेतना के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान को स्मरण किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने इस अवसर पर मनोहारी एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समस्त उपस्थित जनों को भावविभोर कर दिया। राष्ट्रभक्ति, संस्कार और सामाजिक समरसता से परिपूर्ण प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को विशेष ऊँचाई प्रदान की। वरिष्ठ शिक्षक श्री राजीव कुमार झा एवं श्री सचिन कुमार जाटव ने अपने प्रेरणास्त्रोत उद्बोधन में इन महान विभूतियों के जीवन से शिक्षा ग्रहण करने का आह्वान किया। विद्यालय के संगीत शिक्षक श्री शेख वहीद तथा शिक्षिका श्रीमती मनोरमा कौशल द्वारा प्रस्तुत सुमधुर गीतों ने वातावरण को और अधिक भावपूर्ण बना दिया। यह उल्लेखनीय है कि विद्यालय में सर्व धर्म समभाव की भावना को साकार करते हुए 25 दिसंबर को क्रिसमस डे के अवसर पर भी भव्य एवं आकर्षक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान शांति, प्रेम, करुणा और भाईचारे के संदेश पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए, जिससे विद्यार्थियों में आपसी सद्भाव और मानवीय मूल्यों की भावना सुदृढ़ हुई। समस्त आयोजनों में विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ समस्त शिक्षकगण एवं कर्मचारीगण की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम पूर्णतः हर्षोल्लास, सौहार्द एवं प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुए, जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सार्थक प्रयास सिद्ध हुए।






# युवा संगम रोजगार मेले में 205 युवाओं को मिला रोजगार

**उमरिया।** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि आईटीआई उमरिया में संपन्न युवा संगम रोजगार मेले में 205 युवाओ को रोजगार उपलब्ध कराया गया जिसमें ग्लेनमार्क फर्मास व्हिकैल्स एलटीडी पीथमपुर व्दारा 29, एसआईएस अनूपपुर व्दारा 27 , रावयावर्क फोर्स प्राइवेट लिमिटेड में 28 , प्रथम एजुकेशन जबलपुर व्दारा 29, विनप्रेज इन्फो मीडिया प्राइवेट लिमिटेड व्दारा 32, संधान ट्रस्ट व्दारा 23, टीपीएस ग्रुप व्दारा 11, बीटानिया यूएमएस व्दारा 26 युवाओ को रोजगार दिया गया।

### एचएमएस के एरिया अध्यक्ष ने नियुक्त किया लीगल एडवाइजर

**जमुना/बदरा।** हिंद कोयला मजदूर सभा में संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है हिंद कोयला मजदूर सभा (एचएमएस) के एरिया अध्यक्ष श्रीकांत शुक्ला द्वारा देवेंद्र तिवारी को जमुना कोतमा क्षेत्र के लिए लीगल एडवाइजर नियुक्त किया गया है। इस संबंध में एचएमएस द्वारा विधिवत पत्र जारी किया गया है, जिसमें उल्लेख किया गया है कि देवेंद्र तिवारी को उनके विधिक अनुभव, श्रमिक हितों के प्रति प्रतिबद्धता एवं संगठनात्मक समझ को ध्यान में रखते हुए यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। लीगल एडवाइजर के रूप में वे संगठन से जुड़े मजदूरों के कानूनी मामलों में मार्गदर्शन प्रदान करेंगे तथा श्रमिक अधिकारों की रक्षा के लिए आवश्यक विधिक सलाह देंगे। नियुक्ति पत्र में संबंधित प्रबंधन एवं अधिकारियों से यह भी अपेक्षा की गई है कि संगठनात्मक एवं कानूनी कार्यों के निर्वहन में श्री तिवारी को समुचित सहयोग प्रदान किया जाए, ताकि मजदूरों की समस्याओं का समयबद्ध एवं न्यायोचित समाधान सुनिश्चित हो सके।

खबर संक्षेप

## आज से राजनगर में एक दिवसीय कबड्डी खेल का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।** नगर परिषद बनगवां (राजनगर) क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 9 में सेवन स्टार कबड्डी समिति राजनगर द्वारा एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जो आज व कल सुबह 11 बजे से न्यू राजनगर दुर्गा पंडाल थाना के पीछे राजनगर में होगा। जिसमें प्रथम पुरस्कार 10000 रूपये साथ में ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 7000 रूपये साथ में ट्रॉफी, तृतीय पुरस्कार 5000 रूपये साथ में ट्रॉफी, आकर्षण पुरस्कार, बेस्ट रेडर, बेस्ट केचर, बेस्ट ब्लाकर को ट्रॉफी रखी गई है। इसके लिए नियम एवं शर्तें भी है जिसमे सभी मैच मैट में खेला जाएगा। एंट्री फीस लिया जाएगा समय से पहले एंट्री कर कर अपना स्थान सुनिश्चित कर सकते हैं। रेफरी का निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा। अनुशासनहीनता करने वाले टीम को प्रतियोगिता से बाहर कर दिया जाएगा। विवाद की स्थिति में समिति का निर्णय सर्वमान्य होगा। मौसम के अनुसार खिलाड़ी गरम कपड़ा साथ लाएंगे। खेल प्रेमियों तथा सभी नगर वासियों को सेवन स्टार कबड्डी समिति द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता आयोजन में सम्मिलित होने की अपील की गई है। कबड्डी समिति से संजय सिंह (लकी) शांतनु, धनसाय यादव, रोहित यादव एवं अन्य सदस्यो द्वारा यह खेल का आयोजन कराया जा रहा है।

## निगमायुक्त ने खाामियां देख जताई नाराजगी

**कटनी।** निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत मसुरहा घाट में वाटर बॉडी रिज्यूवेशन के तहत 1.08 करोड़ रूपये की लागत से कराए जा रहे पिचिंग, घाट मरम्मत, पाथवे निर्माण, सीढ़ियों में कराए गए स्टोन वर्क सहित अन्य कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान सीढियों के कुछ स्थलों पर पिचिंग के पत्थर निकलने, सीढियों के स्टोन टूटने तथा स्टोन के बीच गैप होनें, व साईज की सीढियों में स्टोन का कार्य शेष होने पर नाराजगी व्यक्त की जाकर समस्त कार्यों में सुधार लानें के साथ ही शेष कार्यों को मानक गुणवत्ता के साथ शीध्र पूर्ण करानें के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने घाट में की सीढियों एवं आसपास के स्थल में समुचित सफाई करानें हेतु अधिकारी को निर्देश दिये।

## झिरमिला टीम को हराकर टिकरिया ने जीता मैच



**सिलौंडी।** सिलौंडी में विधायक कप क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता के शुभारंभ में भाजपा जिला मंत्री डॉक्टर प्रशांत राय, सरपंच पंचों संतोष कुमार, मंडल मंत्री सोनल मिश्रा प्रिंसिपल रतिराम अहिरवार, संतोष काछी, सौरभ सेन , सभी अतिथियों ने फीता काटकर शुरुवात किया है। पहला मैच टिकरिया बघराजी और झिरमिला के बीच 12 12 ओवर का खेला। झिरमिल की पूरी टीम सिर्फ 48 रन ही बना सकी। जवाबी पारी में टिकरिया ने 50 रन 8 ओवर बनाकर मैच जीत लिया। भाजपा जिला मंत्री डॉक्टर प्रशांत राय ने बताया ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं की प्रतिभा को प्रोत्साहन देने विधायक कप क्रिकेट प्रतियोगिता का हर वर्ष आयोजन होता है ।इस दौरान सतीश काछी अमहेटा , रिंकू राय ,प्रवीण काछी अतरसुमा,बैजू दाहिया,सोशल मीडिया प्रभारी धीरज जैन की मौजूदगी रही है

## गोदाम में भंडारित 750 क्विंटल धान निकासी पर रोक

**कटनी।** गोदामों में अवैध रूप से भंडारित धान के भौतिक सत्यापन करने के संबंध में कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिये गये निर्देश के पालन में बुधवार को संयुक्त जांच दल ने बुधवार को ग्राम देवरी टोला स्थित दीपक राइस मिल कि जांच की। जांच के दौरान परिसर में लगभग 750 क्विंटल धान का भंडारण पाया गया। मौके पर भंडारित धान की निकासी पर 20 जनवरी तक रोक लगा कर संचालक दीपक फेरवानी को आवश्यक निर्देश दिये गये। जांच में सहायक आपूर्ति अधिकारी पीयूष शुक्ल एवं जिला प्रबंधक नान देवेन्द्र तिवारी शामिल रहे।

बिना बिजली पोल हटाये और मनमानी चौड़ाई देकर कर दी सड़क पूरी

# कोयलांचल मे सड़क ठेकेदार ने पार की मनमानी की हद

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर मे माडल सड़क बने दो वर्ष भी नहीं हुए और मॉडल सड़क की गुणवत्ता की पोल खोलती नज़र आ रही है। ठेकेदार द्वारा मनमाने तरीके से सड़क निर्माण कार्य किया गया। ठेकेदार के द्वारा सड़क की गुणवत्ता का भी ध्यान नहीं दिया गया। कई जगह गिट्टियां उखड कर सड़क पर बिखर गई है कई जगह से सड़क में दरार भी आ गई है वहीं कई जगह से सड़कों में गड्ढे भी हो गए हैं यहां तक की डिवाइडर का निर्माण कार्य भी सही ढंग से नही करवाया गया।

### मनमानी चौड़ाई देकर बना दी सड़क

सड़क निर्माण कार्य में कहीं सड़क 5 मीटर तो कहीं 6 मीटर तो कहीं 7 मीटर की चौड़ाई लेकर बनाई गई है। तो कही पूर्व निर्मित सड़क किनारे नालियों के ऊपर ही माडल सड़क का निर्माण कार्य कर दिया गया है तो कहीं बिना बिजली के पोल को शिफ्ट किये बिना ही निर्माण कार्य कर दिया गया है। जबकि स्टीमेट में निर्धारित चौड़ीकरण व अन्य अनियमितताओं को सांठगांठ कर विभागीय मिलीभगत से अनदेखी किया गया है। मॉडल सड़क निर्माण में सड़क के मध्य बनने वाले डिवाइडर को भी 1 मीटर से ज्यादा चौड़ाई का बनाया जाना था, किन्तु उसे भी मनमाने तरीके से आधे फिट में समेट दिया गया हैं। यहां तक कि ठेकेदार के द्वारा केशवाही तिराहे के आगे तालाब के पास से तो एकदम सकरी नाली नुमा डिवाइडर का



निर्माण कार्य कराया गया है। इस तरह से मॉडल सड़क का निर्माण कार्य अनदेखी के कारण पूरी तरह से भ्रष्टाचार की भेंट चढ गया। ठेकेदार के द्वारा लीपापोती कर सड़क का निर्माण कार्य कराया गया।

### बिना बिजली पोल हटाये हो गई सड़क पूरी

ठेकेदार के द्वारा माडल सड़क निर्माण में पूरी तरह से अनियमितता बरतते हुए निर्माण कार्य कराया गया है। यहां तक की ठेकेदार के द्वारा सड़क में लगे बिजली के खंबे को भी नहीं हटवाया गया इसका जीता जागता प्रमाण केशवाही तिराहे से केरहा नाला तक देखने को मिल जाएगा जहां सड़क पर ही अभी भी लोहे के खंबे गड़े हुए हैं इतना ही नही मुखर्जी चौक मे तो बीच सड़क पर ही बिजली का खंबा लगा हुआ है जिसे नही हटाया गया जिसके कारण आवागमन करने में आमजनों के साथ ही वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिसके कारण हर समय दुघर्टना की आंशका बनी रहती है। साथ ही घंटों जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है।

### तोड़ी स्कूल की बाउंड्री

प्रशासन के द्वारा बस स्टैंड के पास पुराने नगर पालिका की एवं शासकीय स्कूल की बाउंड्री तुड़वा दी गई लेकिन पूंजीपति एवं कुछ सफेद पोश लोगों का अतिक्रमण आज भी नहीं हटवाया गया। यहां तक कि आज भी शासकीय स्कूल बाउंड्री विभिन्न नजर आ रहा है जिसके कारण विद्यालय प्रबंधन को हमेशा डर बना रहता है।

अमरकंटक में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का दिव्य शुभारंभ

# कल्याण सेवा आश्रम में प्रारंभ हुआ 31वां अष्टोत्तर शत 108 श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** माँ नर्मदा के पावन उद्गम स्थल अमरकंटक की पुण्यभूमि एक बार फिर हरि-नाम, वेद मंत्रों और भक्ति रस से गूँज उठी, जब कल्याण सेवा आश्रम में सप्तदिवसीय 31वां अष्टोत्तर शत 108 श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव 2025 का दिव्य शुभारंभ श्रद्धा, भक्ति और वैदिक विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। महोत्सव के प्रथम दिवस शुक्रवार, 26 दिसंबर को प्रातः आश्रम परिसर से निकली भव्य एवं अलौकिक कलश शोभायात्रा ने संपूर्ण अमरकंटक को भक्तिमय बना दिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे पुरुष-महिलाएँ, सिर पर कलश धारण किए, मधुर भजन-कीर्तन करते हुए पतित पावनी माँ नर्मदा के उद्गम स्थल तक पहुँचे। वहाँ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रीमद् भागवत महापुराण एवं कलशों का पूजन-अर्चन एवं महाआरती की गई। तत्पश्चात कलशों की विधिवत स्थापना कल्याण सेवा आश्रम में की गई, जिससे संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित हो उठा।

### पश्चिम बंगाल से भी पहुंचे भक्त

यह विराट धार्मिक अनुश्ठान श्री भागवत सेवा



संस्थान, हावड़ा (कोलकाता) एवं वृंदावन के भक्त समुदाय के पावन सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। कथा व्यास पंडित राधेश्याम शास्त्री महाराज (वृंदावन) द्वारा सुमधुर संगीत एवं भावपूर्ण वाणी में श्रीमद् भागवत कथा का अमृतपान कराया जा रहा है। कथा वाचन में आचार्य मुरारी जी दाधीच (बेंगलुरु) का भी विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। श्रीमद् भागवत कथा प्रतिदिन प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक निरंतर 1 जनवरी 2025 तक चलेगी। इस दिव्य आयोजन में पश्चिम बंगाल के कोलकाता एवं हावड़ा से आए एक हजार से अधिक भक्त श्रद्धालु भागवत रस में सराबोर हो रहे हैं। महोत्सव की आध्यात्मिक शोभा को और अधिक समृद्ध करते हुए नानी बाई मायरो का चार दिवसीय विशेष आयोजन भी किया जा रहा है। कोलकाता की सुप्रसिद्ध नृत्य-नाटिका मंडली द्वारा यह भावपूर्ण प्रस्तुति 27 से 30 दिसंबर तक प्रतिदिन सायं 6:30 बजे से प्रस्तुत की जाएगी। प्रथम दिवस के कथा प्रसंग में पूज्य कथा व्यास पंडित राधेश्याम शास्त्री महाराज ने भावपूर्ण शब्दों में कहा कि "श्रीमद् भागवत भगवान की सजीव कृपा है। इससे जो भी माँगा जाए धन, संतान, सुख, मोक्ष सब प्राप्त होता है। और यदि कोई गोविंद को माँग ले, तो वे स्वयं भक्त के द्वार तक चलकर आ जाते हैं।" उन्होंने भक्तों से आह्वान किया कि कथा श्रवण के समय क्रोध, अहंकार और सांसारिक आसक्तियों का परित्याग कर, चित्त को श्रीहरि के चरणों में स्थिर करें। उन्होंने कहा कि भक्ति का आरंभ बचपन से हो, युवावस्था में हो या जीवन के किसी भी चरण में भगवत स्मरण सदैव कल्याणकारी है।

# जैतहरी के पास ट्रेन से टकराकर तेंदुआ की मौत

### बांधवगढ़ से आई फॉरेंसिक टीम, पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** बीती रात अनूपपुर जैतहरी रेल खंड के मध्य ट्रेन से टकराने के कारण एक वन्यप्राणी तेंदुआ की दर्दनाक मौत हो गई।घटना की जानकारी पर वन विभाग मौके पर पहुंचकर मृत तेन्दुआ के शव को अपनी अभिरक्षा में लेते हुए कार्यवाई में में जुटी हुई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार एवं शुक्रवार की मध्य रात्रि अनूपपुर जैतहरी बिलासपुर रेल खंड के मध्य जैतहरी नगर के समीप मिलन की कुटिया ढाबा के पास ट्रेन से टकराने के कारण एक वन्यप्राणी तेंदुआ की स्थल पर मौत हो गई घटना की जानकारी स्टेशन मास्टर द्वारा वन विभाग को दिए जाने पर जैतहरी वन विभाग के अधिकारी/कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचकर मृत



वन्यप्राणी तेंदुआ के शव को पंचनामा तैयार कर अपनी अभिरक्षा में लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को घटना से अवगत कराया मृत तेंदुआ के शव को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व ले जाकर संपूर्ण कार्यवाही में विभाग जुटा हुआ है। वन मंडलाधिकारी अनूपपर विपिन कुमार पटेल ने भी घटना की पुष्टि करते हुए ट्रेन दुर्घटना में तेंदुआ की मौत होना बताया है इस दौरान डांग स्कार्ट एवं अन्य तरीकों से भी घटना का परीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि बांधवगढ़ से एक फॉरेंसिक टीम बुलाई गई है। यह टीम शव को आगे की जांच के लिए बांधवगढ़ ले जा रही है। डीएफओ के अनुसार, तेंदुए का पोस्टमार्टम और अंतिम संस्कार बांधवगढ़ में ही किया जाएगा। बांधवगढ़ के फील्ड डायरेक्टर अनुपम सहाय ने बताया कि तेंदुआ बुरी तरह से कट गया था। इस घटना के बाद क्षेत्र में वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।

# अमरकंटक का प्रमुख दर्शनीय स्थल "माई की बगिया"




### आस्था, प्रकृति और किंवदंतियों का संगम

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** मध्य प्रदेश का पवित्र तीर्थ एवं प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण अमरकंटक न केवल मां नर्मदा के उद्गम स्थल के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि यहां अनेक ऐसे दर्शनीय स्थल भी हैं जो धार्मिक आस्था, लोककथाओं और प्राकृतिक रमणीयता का अद्भुत संगम प्रस्तुत करते हैं। इन्हीं में से एक प्रमुख स्थल है "माई की बगिया"। माई की बगिया को लेकर स्थानीय जनमान्यताओं और किंवदंतियों में विशेष महत्व बताया गया है। मान्यता है कि मां नर्मदा अपने सखियों के साथ इस बगिया में विहार करने, घूमने और खेलने आती थीं। इसी कारण इस स्थान को "माई की बगिया" के नाम से जाना जाता है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि यह स्थल मां नर्मदा की बाल लीलाओं और प्राकृतिक सान्निध्य का साक्षी रहा है। प्राकृतिक दृष्टि से माई की बगिया अत्यंत मनोहारी है। हरियाली से आच्छादित यह क्षेत्र शांत वातावरण, शीतल वायु और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए जाना जाता है। यहां पहुंचने वाले श्रद्धालु एवं पर्यटक आध्यात्मिक शांति के साथ-साथ प्रकृति की गोद में समय बिताने का अनुभव करते हैं। विशेष रूप से नर्मदा परिक्रमा करने वाले श्रद्धालु इस स्थल पर रुककर दर्शन एवं विश्राम करते हैं। स्थानीय नागरिकों एवं तीर्थ पुरोहितों का कहना है कि माई की बगिया न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि यह अमरकंटक की सांस्कृतिक विरासत का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है। समय-समय पर यहां श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि देखी जाती है, विशेषकर धार्मिक पर्वों और अवकाश के दिनों में। प्रशासन एवं पर्यटन विभाग द्वारा यदि इस स्थल के संरक्षण, स्वच्छता और मूलभूत सुविधाओं पर और ध्यान दिया जाए, तो माई की बगिया अमरकंटक के प्रमुख पर्यटन स्थलों में और अधिक आकर्षण का केंद्र बन सकती है। इस प्रकार माई की बगिया आज भी मां नर्मदा की पावन स्मृतियों, लोककथाओं और प्रकृति के सौंदर्य को संजोए हुए श्रद्धालुओं और पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है।

# पुत्र का हत्यारा पिता तीन घंटे के भीतर गिरफ्तार

### फुनगा चौकी पुलिस की त्वरित कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगनाथ मरकाम एवं एसडीओपी कोतमा तथा थाना प्रभारी भालूमाड़ा के मार्गदर्शन में फुनगा चौकी पुलिस द्वारा हत्या के एक गंभीर प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को मात्र 03 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया गया। जानकारी के मुताबिक 25 दिसंबर को फोन के माध्यम से फुनगा चौकी पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मोहरी, देवान टोला में एक पिता ने अपने ही पुत्र की हत्या कर दी है। सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर फुनगा चौकी पुलिस टीम हमराही स्टाफ के साथ तत्काल मौके पर पहुँची। मौके पर राजबहोर सिंह पिता अमीर सिंह, उम्र 39 वर्ष, निवासी देवान टोला मोहरी, बड़ी चौकी फुनगा का शव उसके घर की परछी में मृत अवस्था में पाया गया। घटना के संबंध में मृतक की पत्नी विमला सिंह से पूछताछ करने पर बताया गया कि वह काम पर जाने हेतु टिफिन तैयार कर रही थी तथा उसका पति कमरे



से धान निकाल रहा था। इसी दौरान ससुर अमेर सिंह ने धान निकालने से मना किया, जिस पर मृतक ने मजदूरी से कमाए धान पर अपना अधिकार बताया। इसी बात पर नाराज होकर आरोपी अमेर सिंह ने पास में रखी टांगिया से मृतक के कनपटी पर वार कर दिया। गिरने के बाद भी आरोपी ने लगातार 4-5 बार टांगिया से वार किए, जिससे मौके पर ही मृत्यु हो गई। इसके पश्चात आरोपी फरार हो गया। फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना भालूमाड़ा में धारा 103(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी अमेर सिंह को गिरफ्तार कर 26 दिसंबर को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी भालूमाड़ा विपुल शुक्ला, चौकी प्रभारी सोने सिंह परस्ते, सहायक उप निरीक्षक कोमल अरजरिया, प्रधान आरक्षक अनिल तिवारी, आरक्षक सूर्यभान सिंह, वीर सिंह एवं अमन दुबे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।।

## चचाई पुलिस ने होटल संचालक के खिलाफ की कार्रवाई

**हरिभूमि न्यूज चचाई।** 26 दिसंबर को सूचना प्राप्त हुई थी कि सोनी लाज चचाई में कुछ जोड़े आए हुए हैं, जिनकी जानकारी थाना में नहीं दी गई है और पूर्व में भी उक्त लाज में रुकने ठहरने के संबंध में कोई जानकारी संचालक द्वारा नहीं दी गई, जिसकी तस्दीक मौके से की गई तो दो जोड़े दो रूम में पाए गए पूछताछ करने पर दोनों बालिक होना बताए। मौके से उपरोक्त व्यक्तियों से दस्तावेज लिया गया तथा संचालक तिलक राज सोनी से रजिस्टर प्रस्तुत करने के लिए कहा गया। प्रस्तुत किये गये रजिस्टर का संधारण होना नहीं पाया गया और उक्त व्यक्तियों के ठहरने के संबंध में भी कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया जबकि पूर्व में भी



प्र.क्र./आरडीएम/कानून व्यवस्था/2025/अनूपपुर/10/05/2025 के माध्यम से कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आदेश जारी किया था कि जो भी लाज एवं धर्मशाला संचालक है बाहरी व्यक्ति आते हैं उनकी जानकारी तत्काल सीमावर्ती थाना क्षेत्र में देने का आदेश प्राप्त हुआ था, जिसका सोनी लाज संचालक तिलक राज सोनी द्वारा उल्लंघन करना पाया गया जो धारा 223 बीएनएस के तहत दण्डनीय पाये जाने पर गिरफ्तार कर न्यायालय उपस्थित होने हेतु पाबंद किया गया, आरोपी उपरोक्त लाज संचालक के खिलाफ अप.क्र. 326/25धारा 223 बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# 4 दिवसीय मौन एवं गहन ध्यान आधारित आध्यात्मिक रिट्रीट का आयोजन

### विभिन्न राज्यों से लगभग 40 प्रतिभागी हुये सम्मिलित

**हरिभूमि न्यूजअमरकंटक।** मध्यप्रदेश के पावन तीर्थ स्थल अमरकंटक, माँ नर्मदा के उद्गम एवं सोनाक्षी शक्तिपीठ में इन दिनों "चलो अमरकंटक क्रिसमस स्पेशल एडवांस कोर्स" के अंतर्गत 04 दिवसीय मौन एवं गहन ध्यान आधारित आध्यात्मिक रिट्रीट सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। यह विशेष आध्यात्मिक आयोजन आर्ट ऑफ लिविंग परिवार गौरेला पेंड्रा द्वारा आयोजित किया गया है, जिसमें देशभर से साधक एवं श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। इस रिट्रीट की सबसे प्रमुख विशेषता "मौन साधना" है। प्रतिभागी बाहरी संवाद से पूर्ण विराम लेते हुए मौन ध्यान का पालन कर रहे हैं तथा गहन ध्यान की अवस्था में प्रवेश कर रहे हैं। यह मौन केवल शब्दों का अभाव नहीं, बल्कि आत्मचिंतन, मानसिक शुद्धि



और आत्मबोध का सशक्त माध्यम बन रहा है। मौन वातावरण में की जा रही ध्यान-साधना एवं दैनिक गतिविधियाँ प्रतिभागियों को गहरे स्तर पर शांति, स्पष्टता और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव करा रही हैं।

### विभिन्न राज्यों से लगभग 40 प्रतिभागी शामिल

कार्यक्रम का संचालन आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ शिक्षक मिलिंद गुप्ता द्वारा किया जा रहा है। वे मैकेनिकल इंजीनियर, ज्योतिषाचार्य, वास्तु सलाहकार एवं मनोविज्ञान के जानकार हैं तथा इंटरनेशनल एडवांस मेडिटेशन प्रोग्राम के अनुभवी प्रशिक्षक के रूप में वर्षों से साधकों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। उनका वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं आध्यात्मिक अनुभव प्रतिभागियों को ध्यान की सूक्ष्म एवं गहन अवस्थाओं तक पहुँचाने में सहायक सिद्ध हो रहा है। इस आध्यात्मिक रिट्रीट में देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 40 प्रतिभागी सम्मिलित हुए हैं। उल्लेखनीय है कि कई श्रद्धालु बेंगलुरु जैसे दूरस्थ महानगरों से सड़क मार्ग द्वारा केवल माँ नर्मदा के दिव्य दर्शन एवं इस उच्च स्तरीय मौन ध्यान कार्यक्रम में सहभागिता हेतु अमरकंटक पहुँचे हैं।

### ऊर्जा से जुड़ने का एक परिवर्तनकारी अनुभव

अमरकंटक स्थित एकादश शिवलिंग का पावन स्थल, जहाँ माँ नर्मदा के पवित्र जल से जलाभिषेक को ग्रह दोष, मानसिक अशांति एवं जीवन की कठिन परिस्थितियों से मुक्ति का प्रभावशाली आध्यात्मिक उपाय माना जाता है, इस रिट्रीट को और भी विशिष्ट एवं प्रभावशाली बना रहा है। यह संपूर्ण कार्यक्रम विश्वविख्यात आध्यात्मिक गुरु एवं आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक परम पूज्य श्री श्री रविशंकर गुरुदेव द्वारा प्रारंभ की गई योग, ध्यान एवं मानव-मूल्य आधारित साधनाओं पर आधारित है, जिनका उद्देश्य व्यक्ति को तनावमुक्त, संतुलित एवं जागरूक जीवन की ओर अग्रसर करना है। कार्यक्रम का समन्वय आर्ट ऑफ लिविंग शिक्षक अमित परिहार के नेतृत्व में किया जा रहा है। आयोजन की सफलता में टीम गौरेला पेंड्रा के समर्पित स्वयंसेवकों श्रीवर्दन, अंबुज, सूर्य, अमन सिंह, अंकित, आयुष, रचना शुक्ला, वंदना चटर्जी सहित संपूर्ण आर्ट ऑफ लिविंग परिवार गौरेला पेंड्रा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। यह 04 दिवसीय मौन एवं गहन ध्यान आधारित आध्यात्मिक रिट्रीट प्रतिभागियों के लिए आंतरिक शांति, मानसिक संतुलन, भावनात्मक स्पष्टता एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से जुड़ने का एक परिवर्तनकारी अनुभव सिद्ध हो रहा है।